CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 203 ▫ रायपुर, रविवार 16 अगस्त 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## प्रदेश में नक्सलवाद से मुक्त शांति, विकास और समृद्धि की नई यात्रा शुरू : साय

### मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में ध्वजारोहण किया





- बस्तर के नवनिर्माण का स्वर्णिम समय, अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा विकास
- किसान, महिला, युवा और जनजातीय समाज की समृद्धि के साथ आधुनिक अधोसंरचना और नई अर्थव्यवस्था पर सरकार का फोकस
- 'मेरी बेटी-मेरा अभिमान' अभियान की घोषणा, 6,671 शासकीय विद्यालयों में बेटियों के लिए बनाए जाएंगे शौचालय

**रायपुर** 15 अगस्त 2026/ मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण कर प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानियों और अमर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस माँ भारती की वंदना, हमारे गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेने और विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को और मजबूत करने का पावन अवसर है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, डॉ. भीमराव अंबेडकर और वीर सावरकर सहित स्वतंत्रता संग्राम के असंख्य सेनानियों के त्याग और बलिदान का स्मरण किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ की धरती पर स्वतंत्रता और स्वाभिमान की अलख जगाने वाले धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा, शहीद वीर नारायण सिंह, वीर गुंडाधुर, गेंद सिंह, धुरवा राव, यादव राव, वेंकट राव, डेबरी धुर और आयतु माहरा सहित जननायकों को भी श्रद्धापूर्वक नमन किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के साहसिक नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के दृढ़ संकल्प से नक्सलवाद के विरुद्ध ऐतिहासिक सफलता मिली है। माओवाद से मुक्त बस्तर में आज तिरंगा यात्राओं के माध्यम से स्वतंत्रता का उत्सव मनाया जा रहा है। जो क्षेत्र कभी हिंसा और भय से प्रभावित थे, वहां आज शांति, विश्वास और विकास की नई सुबह हुई है। उन्होंने कहा कि बस्तर की सर्वांगीण प्रगति डबल इंजन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। जगदलपुर में राष्ट्रीय स्तर की मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक का आयोजन बदलते बस्तर की नई पहचान का प्रतीक है। अब बस्तर के नवनिर्माण का स्वर्णिम समय है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 'नियद नेल्ला नार 2.0' और 'बस्तर मुन्ने अभियान' के माध्यम से 31 योजनाओं और 14 सामुदायिक सुविधाओं का शत-प्रतिशत सेचुरेशन सुनिश्चित करते हुए बस्तर संभाग के 39 लाख से अधिक लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। नक्सल हिंसा के कारण बंद पड़े स्कूलों को पुनः प्रारंभ करने के साथ 36 नए स्कूल स्वीकृत किए गए हैं। ओरछा और जगरगुंडा जैसे सुदूर क्षेत्रों में एजुकेशन सिटी विकसित की जा रही है।

'मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान' में 34 लाख से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच कर हेल्थ प्रोफाइल तैयार की गई है। लगभग 10 लाख परिवारों की आय बढ़ाने के लिए 4,824 करोड़ रुपए की 'आजीविका उन्नयन योजना' तैयार की गई है। सुरक्षा कैंप अब सेवा और विकास के केंद्र बन रहे हैं तथा वीर गुंडाधुर के गांव नेतानार से शुरू 'सेवा डेरा' के माध्यम से नागरिक सुविधाओं, कौशल विकास और उद्यमिता को बढ़ावा दिया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर में सड़क, बिजली, परिवहन और संचार की मजबूत बुनियाद तैयार की जा रही है। सौर ऊर्जा से ऊर्जीकृत 461 गांवों को ग्रिड आधारित बिजली प्रणाली से जोड़ने तथा 234 अंदरूनी बसाहटों को मुख्य सड़कों से जोड़ने की दिशा में काम हो रहा है। 'मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा' से बस्तर और सरगुजा संभाग के 814 गांवों को सार्वजनिक परिवहन की सुविधा मिल रही है।

अन्नदाता की समृद्धि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अन्नदाता हमारे भाग्य विधाता हैं और उनका सुख, सम्मान तथा समृद्धि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों से 3,100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदा जा रहा है। 'कृषक उन्नति योजना' की राशि का एकमुश्त भुगतान होली से पहले किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की नदियों को जोड़ने की सोच को आगे बढ़ाते हुए 'सिकासार-कोडार नहर लिंकिंग परियोजना' के लिए 3,047 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। प्रदेश में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए 11 हजार करोड़ रुपए से अधिक की मंजूरी दी गई है।अटल सिंचाई योजना के माध्यम से बंद पड़ी सिंचाई परियोजनाओं का पुनरुद्धार किया जा रहा है। इंद्रावती नदी पर लगभग 2 हजार करोड़ रुपए की लागत से मटनार और देउरगांव बैराज बनाए जाएंगे, जिनसे 32 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री ने तेंदूपत्ता संग्राहकों के हित में उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्हें साढ़े पांच हजार रुपए प्रति मानक बोरा पारिश्रमिक दिया जा रहा है तथा 'चरण पादुका योजना' पुनः प्रारंभ की गई है।

महिला सशक्तीकरण से परिवार हो रहे मजबूत

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'महतारी वंदन योजना' के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया गया है। योजना के अंतर्गत अब तक 19 हजार 444 करोड़ रुपए महिलाओं के खातों में अंतरित किए गए हैं। प्रदेश में 13 लाख 85 हजार महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं।

युवाओं के लिए रोजगार से नवाचार तक खुल रहे नए द्वार

मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वामी विवेकानंद के युवा शक्ति पर विश्वास का स्मरण करते हुए कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए रोजगार, शिक्षा, कौशल, खेल और नवाचार के नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ऐतिहासिक सुधार किए गए हैं। तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्ती के लिए 'छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल' बनाया गया है तथा परीक्षाओं में नकल और अनुचित साधनों को रोकने के लिए सख्त कानून पारित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पुलिस में 7 हजार युवाओं की भर्ती की गई है। शिक्षक एवं सहायक शिक्षकों के 3,946 पदों तथा बिजली कंपनियों में 1,235 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। नीट, जेईई, क्लैट, रेलवे, एसएससी, बैंकिंग, पीएससी और यूपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 'सीजी असिस्टेंस फॉर कॉम्पिटिटिव एक्जाम योजना' शुरू की जा रही है। चार वर्ष की सैन्य सेवा पूरी करने वाले छत्तीसगढ़ के अग्निवीरों को पुलिस आरक्षक, वनरक्षक और जेल प्रहरी की सीधी भर्ती में 10 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय भी लिया गया है।

'मेरी बेटी-मेरा अभिमान' अभियान की शुरुआत

मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'मेरी बेटी-मेरा अभिमान' अभियान प्रारंभ करने की घोषणा की। इसके तहत प्रदेश के 6,671 शासकीय विद्यालयों में बेटियों के लिए शौचालय बनाए जाएंगे।उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत-जी राम जी योजना' से प्रदेश में रोजगार एवं विकास का नया अध्याय प्रारंभ हुआ है। योजना के माध्यम से प्रदेश के 6,524 गांवों में मुक्तिधाम एवं प्रतीक्षालय बनाए जाएंगे।

पर्यटन और लोक-संस्कृति को मिलेगी वैश्विक पहचान

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मुख्यमंत्री पर्यटन मिशन' के माध्यम से बस्तर और सरगुजा में पर्यटन सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जाएगा। बस्तर ओलम्पिक, सरगुजा ओलम्पिक और बस्तर पंडुम जैसे आयोजनों ने प्रदेश की जनजातीय संस्कृति, खेल प्रतिभा और प्राकृतिक सुंदरता को राष्ट्रीय पहचान दी है।चित्रकोट को ग्लोबल टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करते हुए वहां टेंट सिटी बनाई जाएगी। सिरपुर को विश्व धरोहर स्थल के मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा।

## पीएम मोदी ने लालकिले से विकास भारत-2047 का रोडमैप पेश किया

**नई दिल्ली,** 16 अगस्त (न्यूज चैनल)। 15 अगस्त प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 80वें स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रशिक्षण, शिक्षा, खेल, नागरिक सुरक्षा, सेमीकंडक्टर निर्माण, परमाणु ऊर्जा और महिला नेतृत्व वाले विकास को शामिल करने वाली कई योजनाओं की घोषणा की। उन्होंने 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए अपना रोडमैप भी प्रस्तुत किया। मोदी ने 2047 तक भारत की परमाणु ऊर्जा क्षमता बढ़ाकर 100 गीगावाट करने का लक्ष्य भी रखा।



### एआई कौशल पर दिया जोर

उन्होंने अधिक सेमीकंडक्टर संयंत्र लगाने की योजनाओं की घोषणा की और कहा कि सरकार छह करोड़ "लखपति दीदियां" बनाने का लक्ष्य रखेगी, जो उसके पहले के लक्ष्य से दोगुना है। इन घोषणाओं को सुधारों में तेजी लाने और आत्मनिर्भरता बढ़ाने के व्यापक प्रयास के हिस्से के रूप में पेश किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को अगले पांच से सात वर्षों में वह हासिल करना होगा, जिसे वह पिछले पांच से सात दशकों में हासिल नहीं कर सका। मोदी ने घोषणा की कि अगले एक वर्ष में एक करोड़ युवाओं को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) कौशल में प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा, आज का दौर एआई, क्वांटम तकनीक, अंतरिक्ष, रोबोटिक्स और डेटा सेंटर का है। उन्होंने कहा कि भारत को केवल वैश्विक तकनीक का बाजार नहीं बनना चाहिए, बल्कि नवाचार का केंद्र बनकर उभरना चाहिए। मोदी ने कहा कि भारत ने यूपीआई और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के जरिए अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया है और अब उसे 6जी समेत अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों में नेतृत्व करने का लक्ष्य रखना चाहिए।

मोदी ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले उम्मीदवारों के लिए मुफ्त ऑनलाइन कोचिंग की घोषणा की ताकि उनके परिवारों पर वित्तीय बोझ कम हो सके। उन्होंने कहा मध्यम वर्गीय परिवारों के साथ कोचिंग कक्षाएं बहुत बड़ा बोझ बन चुकी हैं। मोदी ने कहा, "हर मां-बाप को लग रहा है कि कोचिंग क्लास में नहीं भेजा तो हम प्रतिष्ठित परिवार नहीं हैं। हम देश के हर कोने में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान करने के लिए पांच से 15 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए एक राष्ट्रव्यापी प्रतिभा खोज अभियान शुरू कर रहे हैं। उन्हें विश्वस्तरीय खिलाड़ी बनने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।"

मोदी ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले उम्मीदवारों के लिए मुफ्त ऑनलाइन कोचिंग की घोषणा की ताकि उनके परिवारों पर वित्तीय बोझ कम हो सके। उन्होंने कहा मध्यम वर्गीय परिवारों के साथ कोचिंग कक्षाएं बहुत बड़ा बोझ बन चुकी हैं। मोदी ने कहा, "हर मां-बाप को लग रहा है कि कोचिंग क्लास में नहीं भेजा तो हम प्रतिष्ठित परिवार नहीं हैं।

प्रधानमंत्री ने युद्ध के बदलते स्वरूप का उल?लेख करते हुए देश में एक सशक्त नागरिक सुरक्षा नेटवर्क बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि युद्ध अब केवल सीमाओं तक ही सीमित नहीं है और रिफाइनरियों, बैंकिंग क्षेत्र, डेटा केंद्रों, कारखानों और अन्य बुनियादी ढांचों को भी प्रभावित कर सकता है।

उन्होंने कहा कि भारत 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता के लक्ष्य की ओर अग्रसर है और इस दशक में पांच नए परमाणु रिएक्टर शुरू करने का लक्ष्य है। मोदी ने राष्ट्र निर्माण में महिलाओं के योगदान का उल?लेख करते हुए कहा कि तीन करोड़ लखपति दीदियों का पहले का लक्ष्य पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि भारत अब छह करोड़ लखपति दीदियों के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ेगा।

## बेटे ने की मां की हत्या

### शराब के नशे में था

**बालोद,** 16 अगस्त (हाईवे चैनल)। एक तरफ पूरा देश आजादी का जश्न मना रहा है, वहीं बालोद जिले में एक कलयुगी बेटे ने अपनी ही मां की हत्या कर दी। यह घटना बालोद जिले के डौंडी थाना क्षेत्र के घोठिया गांव की है, जहां बेटे ने अपनी मां के अधिक शराब पीने से नाराज होकर घर में रखे पीढ़ा से वार कर उसकी जान ले ली। मृतका की पहचान सुशिला बाई गावड़े (50 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और हत्या के आरोप में बेटे लिकेश कुमार गावड़े को गिरफ्तार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। जानकारी के मुताबिक, सुशिला बाई के अधिक शराब पीने को लेकर उसका बेटा लिकेश नाराज रहता था। इसी बात को लेकर विवाद के दौरान उसने घर में रखे पीढ़ा से अपनी मां पर हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही डौंडी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

एडिशनल एसपी बालोद चन्द्रकान्त गवर्ना ने बताया कि डौंडी थाना क्षेत्र के घोठिया गांव में बेटे ने अपनी मां की अधिक शराब पीने की बात को लेकर हत्या कर दी। आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में आगे की जांच की जा रही है।

## बाइक और कार में भिड़ंत, 5 साल के बच्चे समेत 4 घायल, 2 गंभीर

**बेमेतरा,** 16 अगस्त (हाईवे चैनल)। स्वतंत्रता दिवस के दिन राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। बेमेतरा के ग्राम गुनरबोड़ के पास बाइक और कार के बीच भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार पांच वर्षीय बच्चे समेत चार लोग घायल हो गए। इनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, बाइक पर पांच वर्षीय कुश डेहरे, प्रवीण डेहरे, सागर सोनकेवरे और आकाश घृतलहरे सवार थे। सभी ग्राम ढोकला के निवासी बताए जा रहे हैं। गुनरबोड़ के पास बाइक और जाइलो कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार सभी लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस की टीम और सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल बेमेतरा पहुंचाया गया है।

